मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के अन्तर्गत न्यायिक सेवा के अधिकारियों के वेतन पुनरीक्षण के कारण रुपये 43.00 लाख का अतिरिक्त व्यय होना संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 43,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 30
मुख्य शीर्ष 2216

मद क्रमांक 1

मुख्यमंत्री आवास मिशन हेतु राशि रुपये 1.00 करोड़ के अतिरिक्त व्यय की संभावना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 1,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2515

मद क्रमांक 2

विकास आयुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश हेतु एक नवीन वाहन क्रय करने के लिये राशि रुपये 5.50 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 5,50,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4515

मद क्रमांक 3

मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों के निर्माण पर होने वाली अतिरिक्त राशि रुपये 1716.90 लाख अधिक व्यय होना संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 17,16,90,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 31

मुख्य शीर्ष 3451

मद क्रमांक 1

तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसा अन्तर्गत डिस्ट्रिक्ट एनोवेशन फण्ड की स्थापना हेतु रुपये 10.00 करोड़ की राशि केन्द्र सरकार से प्राप्त होगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 10,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 3454

मद क्रमांक 2

राज्य के विविध सांख्यिकी आंकड़े एवं सामाजिक सांख्यिकी आंकड़े मध्यप्रदेश के विभिन्न विभागों व जिला कार्यालयों से आन लाईन प्राप्त कर आंकड़ों को केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन को आन लाईन भेजे जाने हेतु अतिरिक्त कम्प्यूटरों की स्थापना के लिये संचालनालय के कम्प्यूटर कक्ष का रिनोवेशन किया जाना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 3,25,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 3

तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसा अन्तर्गत राज्य की सांख्यिकीय अधोसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु रुपये 10.00 करोड़ का अनुदान प्राप्त होना संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 10,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 4

तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसा अनुसार बायोमेट्रिक्स आधारित पहचान पत्र के सृजन हेतु गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों/व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के लिये रुपये 49.94 करोड़ का अनुदान केन्द्र शासन से प्राप्त होना संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 49,94,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 5

विश्व बैंक सहायतित भारत की सांख्यिकी सुदृढ़ीकरण परियोजना हेतु केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन द्वारा राज्य को राशि प्राप्त होना संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 32
मुख्य शीर्ष 2220

मद क्रमांक 1 - 2

जनसंपर्क विभाग की योजना 2304 के अन्तर्गत व्यावसायिक सेवाओं की अदायगी के लिये रुपये 1.50 करोड़ एवं वेतन भत्ते मद में रुपये 3,29,57,000 इस प्रकार कुल रुपये 4,79,57,000 का व्यय होना संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 4,79,57,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 3 - 4

जनसंपर्क विभाग के अन्तर्गत मध्यप्रदेश सूचना केन्द्र नई दिल्ली को किराये के भुगतान हेतु कार्यालय व्यय में नवीन मद खोला जाना है। इस हेतु किराया एवं महसूल में प्रतीक प्रावधान किया जाना है। इसके साथ ही रुपये 5,82,000 वेतन भत्ते मद में व्यय होना संभावित है। इस प्रकार कुल रुपये 5,82,100 की अतिरिक्त आवश्यकता है। किराया एवं महसूल की पूर्ति स्वीकृत बजट की बचतों से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100 के प्रतीक प्रावधान एवं रुपये 5,82,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 33
मुख्य शीर्ष 2225

मद क्रमांक 1

अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को मकान किराया भत्ते आदि पर वित्तीय वर्ष में रुपये 1.00 लाख का व्यय संभावित है। व्यय की पूर्ति स्वीकृत बजट की बचतों से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 37
मुख्य शीर्ष 3452

मद क्रमांक 1

पर्यटन, मनोरंजन एवं मेला उत्सव के लिये राशि रुपये 10.00 लाख का अतिरिक्त व्यय होना संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 10,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 2

प्रदेश के दर्शनीय स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि किये जाने के लिये प्रचार-प्रसार हेतु राशि रुपये 800.00 लाख का अतिरिक्त व्यय होना संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 8,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 38
मुख्य शीर्ष 2210

मद क्रमांक 1

अधिकारियों/कर्मचारियों को एरियर्स भुगतान हेतु वेतन भत्ते मद के अन्तर्गत राशि रुपये 597.00 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 5,97,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 2

अधिकारियों/कर्मचारियों को एरियर्स भुगतान हेतु वेतन भत्ते मद के अन्तर्गत राशि रुपये 20.00 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 20,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 3 - 4

अधिकारियों/कर्मचारियों को एरियर्स के भुगतान हेतु वेतन मद के अन्तर्गत अतिरिक्त राशि रुपये 22.50 लाख का व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 22,50,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 5

ग्राम बधवार जिला नरसिंहपुर में औषधालय भवन निर्माण में राशि रुपये 17.15 लाख का व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 17,15,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 6 - 7

भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी भोपाल के अधिकारियों/कर्मचारियों के एरियर्स भुगतान हेतु वेतन एवं ग्रेड-पे में राशि रुपये 58.225 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 58,22,500 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 8 - 9

अधिकारियों/कर्मचारियों को एरियर्स भुगतान हेतु वेतन भत्ते एवं ग्रेड-पे मद के अन्तर्गत राशि रुपये 22.48 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 22,48,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 10

भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी भोपाल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के एरियर्स भुगतान हेतु वेतन भत्ते मद के अन्तर्गत राशि रुपये 67.41 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 67,41,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 39
मुख्य शीर्ष 2408

मद क्रमांक 1 - 3

रजिस्ट्रार म.प्र. राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, भोपाल के अन्तर्गत उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ के लिये वेतन भत्ते आदि में स्वीकृत बजट से रुपये 27.00 लाख अधिक व्यय होने की संभावना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 27,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 41
मुख्य शीर्ष 2202

मद क्रमांक 1 - 3

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्राथमिक शालाओं में पदस्थ अमले के महंगाई भत्ता, आदिवासी क्षेत्र भत्ता एवं ग्रेड पे हेतु आदिवासी क्षेत्र उपयोजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष में स्वीकृत राशि के अतिरिक्त रुपये 358.33 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 3,58,33,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 4 - 6

आदिवासी क्षेत्रों में स्थापित माध्यमिक शालाओं में पदस्थ अमले के वेतन, महंगाई भत्ता एवं आदिवासी क्षेत्र भत्ता हेतु आदिवासी क्षेत्र उपयोजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष में स्वीकृत राशि के अतिरिक्त रुपये 757.81 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 7,57,81,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 7

सर्व शिक्षा अभियान योजना अन्तर्गत आदिवासी क्षेत्रों में संचालित प्राथमिक शाला तथा मिडिल शालाओ हेतु आदिवासी क्षेत्र उपयोजना अन्तर्गत प्रावधानित राशि के अतिरिक्त रुपये 2564.80 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 25,64,80,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 8 - 10

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पदस्थ अमले के वेतन, महंगाई भत्ता एवं आदिवासी क्षेत्र भत्ता हेतु आदिवासी क्षेत्र उपयोजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष में स्वीकृत राशि के अतिरिक्त रुपये 6.89 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 6,89,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 11

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित उच्चतर माध्यमिक शालाओं के अमले के लिए आदिवासी क्षेत्र भत्ता हेतु वित्तीय वर्ष में स्वीकृत राशि के अतिरिक्त रुपये 0.30 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 30,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 12 - 15

आदिवासी क्षेत्रों में स्थापित हाई स्कूल में पदस्थ अमले के वेतन, महंगाई भत्ता आदिवासी क्षेत्र भत्ता एवं ग्रेड पे हेतु आदिवासी क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष में स्वीकृत राशि के अतिरिक्त रुपये 471.64 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 4,71,64,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2215

मद क्रमांक 16

केन्द्र प्रवर्तित योजना अंतर्गत पेयजल की समस्या के निवारण हेतु डिण्डोरी जिले की मडियारास समूह नलजल प्रदाय योजना का क्रियान्वयन लागत रुपये 3191.23 लाख से किया जाना है। व्यय की पूर्ति स्वीकृत बजट की बचतो से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100/- के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2225

मद क्रमांक 17 - 20

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम एवं शालाओं में पदस्थ अमले के वेतन, महंगाई भत्ता आदिवासी क्षेत्र भत्ता एवं ग्रेड पे हेतु आदिवासी क्षेत्र उपयोजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष में स्वीकृत राशि के अतिरिक्त रुपये 63.21 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 63,21,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 21 - 25

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित क्रीड़ा परिसर में पदस्थ अमले के वेतन, महंगाई भत्ता आदिवासी क्षेत्र भत्ता एवं ग्रेड पे तथा संस्थाओं के खिलाड़ियों के लिये आयोजित होने वाली शालेय प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के दैनिक भत्तो एवं गणवेश आदि हेतु वित्तीय वर्ष में स्वीकृत राशि के अतिरिक्त रुपये 19.63 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 19,63,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 26 - 29

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावासो में पदस्थ अमले के लिए वेतन, महंगाई भत्ता आदिवासी क्षेत्र भत्ता एवं ग्रेड पे हेतु आदिवासी क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष में स्वीकृत राशि के अतिरिक्त रुपये 9.65 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 9,65,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 30 - 33

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रावासो में पदस्थ अमले के वेतन, महंगाई भत्ता आदिवासी क्षेत्र भत्ता एवं ग्रेड पे हेतु आदिवासी क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष में स्वीकृत राशि के अतिरिक्त रुपये 6.09 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 6,09,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 34 - 38

व्यवसायिक शिक्षा योजना अंतर्गत पदस्थ अमले के वेतन, महंगाई भत्ता, आदिवासी क्षेत्र भत्ता, अन्य भत्ता एवं ग्रेड पे हेतु आदिवासी क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष में स्वीकृत राशि के अतिरिक्त रुपये 41.19 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 41,19,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 39 - 44

जनजातीय संग्रहालय भवन में विभिन्न जनजातियों की सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ी वस्तुओं का संरक्षण संवर्धन किया जाता है। भवन की साज-सज्जा, सुरक्षा रख-रखाव, साफ-सफाई स्थापना एवं विद्युत व्यय आदि पर वित्तीय वर्ष में रुपये 50.00 लाख का व्यय संभावित है। व्यय की पूर्ति स्वीकृत बजट की बचतो से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 600/- के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2401

मद क्रमांक 45

कृषकों को सिंचाई उपकरणो के लिए विशेष सहायता टाप-अप अनुदान योजना अंतर्गत हस्तचलित, बैलचलित कृषि यंत्रो के क्रंय पर 50 प्रतिशत टाप अप अनुदान दिया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु आदिवासी क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष में रुपये 79.60 लाख का व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 79,60,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 46

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष में आदिवासी क्षेत्र उपयोजना में प्रावधानित राशि के अतिरिक्त रुपये 384.60 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 3,84,60,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 47

किसान कल्याण एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष में आदिवासी क्षेत्र उपयोजना में प्रावधानित राशि के अतिरिक्त रुपये 4039.95 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 40,39,95,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2403

मद क्रमांक 48

पशुपालन विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष में आदिवासी क्षेत्र उपयोजना में प्रावधानित राशि के अतिरिक्त रुपये 2011.60 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 20,11,60,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2405

मद क्रमांक 49

मछली पालन विभाग के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना हेतु वित्तीय वर्ष में आदिवासी क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत प्रावधानित राशि से रुपये 117.50 लाख की अतिरक्ति आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 1,17,50,000/ के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2425

मद क्रमांक 50

प्रदेश के अनुसूचित जनजाति के कृषकों को सहकारी बैंकों के माध्यम से 3 प्रतिशत की ब्याज दर पर अल्पकालीन कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाना

है। इस हेतु म. प्र. राज्य सहकारी बैंक को उपलब्ध कराई जाने वाली अनुदान राशि हेतु वित्तीय वर्ष में आदिवासी क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत रुपये 1517.10 लाख की अतिरिक्त आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 15,17,10,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2515

मद क्रमांक 51 - 54

मुख्य कार्यपालन अधिकारियो के वेतन, महंगाई भत्ता, आदिवासी क्षेत्र भत्ता, अन्य भत्ता एवं ग्रेड पे हेतु आदिवासी क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष में स्वीकृत राशि के अतिरिक्त रुपये 50.18 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 50,18,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4210

मद क्रमांक 55

आदिवासी क्षेत्रों में जिला चिकित्सालयों (बैतुल, धार, झाबुआ, खरगोन, बड़वानी, मण्डला, डिण्डोरी, शहडोल, अनुपपुर, अलीराजपुर) में पी.आई.सी.यू, केज्यूलटी विंग, मेटरनिटी विंग, माइक्रोबायलाजी लैब तथा ब्लाक स्तर पर एन. आर. सी. का निर्माण कराया जाना है एवं 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नैनपुर जिला मंडला को 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल तथा सेंधवा जिला बड़वानी के 46 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को 100 बिस्तरीय अस्पताल में उन्नयन किया जाना है। इस हेतु वित्तीय वर्ष में रुपये 320.00 लाख का व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 3,20,00,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 56

उप स्वास्थ्य केन्द्र चिरई डोंगरी एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र बकौरी जिला मंडला को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में लागत रुपये 20.19 लाख के मान से प्रत्येक का उन्नयन किया जाना है। वित्तीय वर्ष में कुल रुपये 40.38 लाख का व्यय संभावित है। व्यय की पूर्ति स्वीकृत बजट की बचतों से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 57

आदिवासी क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कबड़िया, गुराड़िया, हेलाबड़ावा जिला खरगौन, गेलडूब्बा जिला छिंदवाड़ा, बोरगांव जिला बैतूल, सकरा, चोलना जिला अनुपपुर, अंकुरी जिला शहड़ोल, पिपरिया जिला मंड़ला, बम्हनी, रुसा जिला डिण्डोरी, बाबदड़ जिला बड़वानी, उबलड़, उमरठ, फूलमाल, सेमावाड़ा जिला झाबुआ, सतीपुरा जिला धार एवं सायर जिला विदिशा पर नाबार्ड योजना के आर.आई.डी.एफ. 15 वे चरण के अंतर्गत निर्माण कार्य कराया जाना है। इस हेतु वित्तीय वर्ष में रुपये 288.00 लाख का व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 2,88,00,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4225

मद क्रमांक 58

जिला रतलाम के ग्राम बेड़दा में 50 सीट के कन्या एवं बालक छात्रावास भवन के निर्माण हेतु आदिवासी क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत कुल रुपये 120.00 लाख का व्यय संभावित है। जिसकी पूर्ति स्वीकृत बजट की बचतो से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100/- के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4701

मद क्रमांक 59

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधीन संचालित मान परियोजना में कार्यभारित एवं आकस्मिक सेवा के कर्मचारियों के वेतन भत्तो पर वित्तीय वर्ष में रुपये 49.03 लाख का व्यय संभावित है। व्यय की पूर्ति स्वीकृत बजट की बचतो से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100/- के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 60

नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधीन संचालित जोबट परियोजना में कार्यभारित एवं आकस्मिक सेवा के कर्मचारियों के वेतन भत्तो पर वित्तीय वर्ष में रुपये 119.78 लाख का व्यय संभावित है। व्यय की पूर्ति स्वीकृत बजट की बचतो से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100/- के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 61

प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों में मध्यम परियोजनाओं के निर्माण कार्य अंतर्गत माही परियेजना हेतु आदिवासी क्षेत्र उपयोजना में वित्तीय वर्ष में रुपये 40.00 करोड़ की अतिरिक्त आवश्यकता है। जिसकी पूर्ति मांग संख्या 45 मुख्य शीर्ष 4702 से इतनी ही राशि समर्पित कर की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 40,00,00,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 42
मुख्य शीर्ष 5054

मद क्रमांक 1

आदिवासी क्षेत्रों में बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से निम्नांकित पुलों का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है।

क्र.	जिला	कार्य का नाम	कुल लागत (रु. लाख में)
1.	शहडोल	खन्नोधी मानपुर मार्ग में (रुपोला घाट) सोन नदी पर पुल	465.00
2.	शहडोल	लेदरा खैरी मार्ग मे कुनकु नदी (खैरीघाट) पर पुल	232.50

उपरोक्त पर वित्तीय वर्ष में रुपये 2.00 लाख का व्यय संभावित है। व्यय की पूर्ति स्वीकृत बजट की बचतो से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100/- के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 2

जिला मण्डला में वर्ष 2011 में होने वाले महाकुंभ हेतु मार्ग एवं मैदान का समतलीकरण (लंबाई 47.80 कि.मी. लागत रुपये 788.17 लाख से) कराया जाना है। व्यय की पूर्ति स्वीकृत बजट की बचतों से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 3

सड़क परिवहन, सड़क और राज मार्ग मंत्रालय, भारत शासन द्वारा बालाघाट जिले में बैहर-टोपाल-सुपरवार-चिल्पी राज्य मार्ग क्र. 26 के कि.मी. 84.00 से 130.00 तक उन्नयन के कार्य हेतु राशि रुपये 3406.49 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। व्यय की पूर्ति स्वीकृत बजट की बचतो से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100/- के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 44
मुख्य शीर्ष 2202

मद क्रमांक 1-4

विश्वविद्यालय में अनुदान योजना समाप्त करते हुये विश्वविद्यालयों के अनुदान में वृद्धि करते हुये पेंशन भुगतान योजना को अनुदान में समाहित किये जाने के कारण राशि रुपये 7.21 करोड़ की अतिरिक्त आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 7,21,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 5 - 19

निजी विश्वविद्यालय के कार्यरुप में परिणित होने के कारण अन्य मदे खोलने हेतु राशि रुपये 3.00 लाख की आवश्यकता है। राशि की व्यवस्था

स्वीकृत बजट की बचतों से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 1500 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 20 - 22

6वें वेतनमान की अनुशंसा के आधार पर शासकीय महाविद्यालय विश्व विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों के पुनरीक्षित वेतनमान स्वीकृत किये जाने के फलस्वरुप महाविद्यालयों के शिक्षकों के वेतनमान का 1-1-2006 में वेतन निर्धारण करने के उपरांत 1-4-2010 की स्थिति में पुराने वेतनमान एवं नवीन वेतनमान के अंतर की राशि रुपये 1,44,32,00,000 एवं राशि रुपये 5.00 करोड़ नवीन महाविद्यालय की स्थापना हेतु इस प्रकार कुल राशि रुपये 149.32 करोड़ की अतिरिक्त आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 1,49,32,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 23 - 25

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त अनुदान के अनुसार 6वें वेतनमान के अन्तर्गत एरियर्स का भुगतान किया जाना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 3,00,000 का व्यय प्रतीक प्रावधान के रुप में सम्मिलित किया गया है।

मद क्रमांक 26

नटनागर शोध संस्थान की ऐतिहासिक धरोहर के रख-रखाव एवं संचालन हेतु अतिरिक्त राशि रुपये 15.80 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 15,80,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 47
मुख्य शीर्ष 2203

मद क्रमांक 1

ग्रीन कार्ड धारकों को दी जाने वाली सुविधा के अन्तर्गत तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के अन्तर्गत आने वाली संस्थाओं में अध्ययनरत ग्रीन कार्ड धारी अभिभावकों की संतानों को शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाने हेतु राशि रुपये 2.00 करोड़ अतिरिक्त व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 2,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 2 - 4

अखिल भारतीय तकनीकी परिषद से 6वें वेतनमान के अंतर्गत एरियर्स का भुगतान किया जाना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 3,000 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2230

मद क्रमांक 5 - 14

छठवें वेतनमान के एरियर्स, महंगाई भत्ता, ग्रेड-पे के भुगतान हेतु मंहगाई भत्ते एवं मजदूरी मद में राशि कम पड़ने से कुल राशि रुपये 1069.78 लाख अतिरिक्त रुप से शामिल की जाना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 10,69,78,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 15

संकल्प क्र. 50-गुणवत्तायुक्त व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये प्रदेश की आई.टी.आई. का सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन किया जाना है। राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद से मान्यता प्राप्त करने के लिये वर्तमान में 127 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं 263 व्यवसाय राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के अन्तर्गत संचालित है, जिनमें से 45 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के 106 व्यवसाय विशुद्ध रुप से राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के अन्तर्गत संचालित है। राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद से मान्यता के लिये राशि रुपये 5.00 लाख प्रति व्यवसायों के मान से कुल राशि रुपये 1315.00 लाख की आवश्यकता होगी। वर्ष 2010-11 में इस प्रयोजन हेतु रुपये 5.00 करोड़ शामिल किये जाना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 5,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4202

मद क्रमांक 16

विभाग के भवनों के निर्माण कार्यों में राशि रुपये 400.00 लाख की आवश्यकता है। व्यय स्वीकृत बजट की बचत से किया जावेगा।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 17

संकल्प क्र. 50 गुणवत्तायुक्त व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये प्रदेश की आई.टी.आई. का सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन किया जाना है। किराये के भवनों में तथा अन्य शासकीय भवनों में संचालित 38 संस्थाओं मझौली, आ.महिला छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, गाडरवाड़ा, बैरसिया, मण्डीदीप, सिंरोज, चाचौड़ा, दतिया, विजयपुर, अमरपाटन, उमरिया, छतरपुर, बड़ा मल्हरा, तेंदूखेड़ा, नोहटा, नेपानगर, महिला उज्जैन, महिदपुर, शुजालपुर, सुसनेर, कन्नौद, मंदसौर, शामगढ़, गंजबसौदा, ब्यावरा, कुंभराज, अशोकनगर, उचेहरा, टीकमगढ़, बल्देवगढ़, पटेरा, अपंग इंदौर, महिला सिंघाना, करही, बड़नगर, काटाफोड़ तथा मनासा के भवन निर्माण के लिये राशि रुपये 3.00 करोड़ प्रति संस्था के मान से कुल राशि रुपये 114.00 करोड़ की आवश्यकता होगी। वर्ष 2010-11 में इस प्रयोजन हेतु राशि रुपये 10.00 करोड़ की राशि शामिल की जाना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 10,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 48

मुख्य शीर्ष 4700

मद क्रमांक 1

इंदिरा सागर परियोजना अन्तर्गत आकस्मिकता एवं कार्यभारित कर्मचारियों के वेतन भत्ते की मद प्रारंभ की जानी है। इस मद में रुपये 436.40 लाख की राशि की आवश्यकता है। जिसकी व्यवस्था पुनर्विनियोजन से की जायेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100 के प्रतीक अनूपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 2

इंदिरा सागर परियोजना अन्तर्गत कार्यरत कार्यभारित एवं आकस्मिक सेवा के कर्मचारियों के वेतन भत्ते हेतु मद प्रारंभ की जानी है। इस मद में रुपये 46000 की आवश्यकता है। जिसकी व्यवस्था पुनर्विनियोजन से की जायेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 3

ओंकारेश्वर परियोजना अंतर्गत कार्यभारित एवं आकस्मिक सेवा के कर्मचारियों के वेतन भत्ते हेतु मद प्रारंभ की जानी है। इस मद में रुपये 107.57 लाख की आवश्यकता है। जिसकी व्यवस्था पुनर्विनियोजन से की जायेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 4

रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना के कार्यभारित एवं आकस्मिक सेवा के कर्मचारियों के वेतन भत्ते हेतु मद प्रारंभ की जानी है। इस मद में रुपये 5.11 करोड़ की आवश्यकता है। जिसकी व्यवस्था पुनर्विनियोजन से की जायेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 5

रानी अवंतीबाई लोधी सागर परियोजना में कार्यभारित एवं आकस्मिक सेवा के कर्मचारियों के वेतन भत्ते हेतु मद प्रारंभ की जानी है। राशि रुपये 34.87 लाख की आवश्यकता है। जिसकी व्यवस्था पुनर्विनियोजन से की जायेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4801

मद क्रमांक 6

चिकित्सा प्रतिपूर्ति व्यय मद प्रारंभ की जानी है। इस हेतु कुल राशि रुपये 3.00 लाख के व्यय की आवश्यकता है। जिसकी व्यवस्था स्वीकृत बजट की बचतों से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 7

सरदार सरोवर परियोजना के कार्यभारित एवं आकस्मिक सेवा के कर्मचारियों के वेतन भत्ते मद प्रारंभ की जानी है। इस मद में हेतु रुपये 30.75 लाख की आवश्यकता है। जिसकी व्यवस्था पुर्नविनियोजन से की जायेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 55
मुख्य शीर्ष 2236

मद क्रमांक 1 - 2

प्रदेश में बच्चों का कुपोषण दूर करने हेतु अटल बाल मिशन योजना नवीन मद के रुप में शामिल की गई है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु प्रतीक प्रावधान के रुप में रुपये 1,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 56
मुख्य शीर्ष 2851

मद क्रमांक 1

माटीकला बोर्ड की प्रचार-प्रसार योजना हेतु रुपये 5.00 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 5,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 2

माटीकला से संबंधित कारीगरों के वित्त पोषण के लिये श्रीयादें माटीकला योजना के लिये रुपये 183.00 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 1,83,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 3

माटीकला उद्यमियों को प्रशिक्षण देने के लिये प्रशिक्षण योजना हेतु रुपये 5.00 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 5,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 4

आयुक्त हाथकरघा के अन्तर्गत सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी कार्य के अन्तर्गत रुपये 1.00 लाख की आवश्यकता है जिसकी प्रतिपूर्ति स्वीकृत बजट की बचत से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 57
मुख्य शीर्ष 4700

मद क्रमांक 1

विश्व बैंक से विदेशी सहायता प्राप्त डेम रिहेविलिटेशन एण्ड इम्प्रुवमेंट प्रोजेक्ट (ड्रिप योजना) के लिये राशि रुपये 5.00 करोड़ का व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 5,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 58

मुख्य शीर्ष 2245

मद क्रमांक 1

प्रदेश में आपदा राहत के अन्तर्गत 13वें वित्त आयोग की अनुशंसा अनुक्रम में ओला पीड़ितों को राहत प्रदान करने हेतु राशि रुपये 50.00 करोड़ का व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 50,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 2

आपदा राहत के अन्तर्गत तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुक्रम में नगद दान हेतु रुपये 56,87,00,000 का व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 56,87,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 3

13वें वित्त आयोग की अनुशंसा अनुसार प्राकृतिक आपदाओं के अन्तर्गत लेखान्तरण प्रक्रिया अनुरूप लेखा शीर्ष अन्तर्गत एस.डी.आर.एफ. से पूरी की गई राशि रुपये 392.75 करोड़ घटाई जाना है। राशि की व्यवस्था बचत से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 4

राहत कार्यालय के कर्मचारियों को वेतन भत्ते मद में रुपये 6.00 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 6,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 5

आपदा प्रबंधन योजनाओं को बनाये जाने हेतु नवीन मद के रुप में रुपये 8,62,500 का व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 8,62,500 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 61

मुख्य शीर्ष 2403

मद क्रमांक 1

संचालनालय पशु चिकित्सा सेवायें के अन्तर्गत बुन्देलखण्ड क्षेत्र में पशुधन विकास योजना हेतु स्वीकृत बजट से रुपये 930.07 लाख भारत सरकार से अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के रुप में प्राप्त होने की संभावना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 9,30,07,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 2

बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विकास हेतु पशुधन विकास योजना अन्तर्गत अनुसूचित जाति उपयोजना में स्वीकृत बजट से रुपये 232.48 लाख की अतिरिक्त आवश्यकता है। जिसकी पूर्ति भारत सरकार से अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के रुप में प्राप्त होगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 2,32,48,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2406

मद क्रमांक 3

बुन्देलखण्ड प्रोजेक्ट के अन्तर्गत राशि रुपये 20,46,48,000 की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के रुप में प्राप्त होनी है। अत: बुन्देलखण्ड पैकेज के अन्तर्गत राशि रुपये 20,46,48,000 का अतिरिक्त व्यय होना संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 20,46,48,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4700

मद क्रमांक 4

बुन्देलखण्ड पैकेज से संबंधित मुख्य सिंचाई अन्तर्गत नगर तथा उससे संबंधित निर्माण कार्य हेतु बरियारपुर परियोजना के लिये राशि रुपये 5342.85 लाख के व्यय की संभावना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 53,42,85,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4702

मद क्रमांक 5

बुन्देलखण्ड पैकेज अंतर्गत निर्माणाधीन लघु सिंचाई योजनाओं के वृहद निर्माण कार्य हेतु राशि रुपये 2765.71 लाख के व्यय की संभावना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 27,65,71,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 6

बुन्देलखण्ड पैकेज अंतर्गत सुधार, सुदृढ़ीकरण, पुनर्स्थापना, पोखर तालाब के वृह्द निर्माण कार्य हेतु राशि रुपये 1822.85 लाख के व्यय की संभावना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 18,22,85,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 7

बुन्देलखण्ड पैकेज अंतर्गत उद्वहन सिंचाई योजनाओं के सुधार हेतु राशि रुपये 210.57 लाख के व्यय की संभावना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 2,10,57,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 8

बुन्देलखण्ड पैकेज अंतर्गत वृहद निर्माण कार्य हेतु राशि रुपये 10.00 करोड़ के व्यय की संभावना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 10,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 9

बुन्देलखण्ड पैकेज अंतर्गत नवीन लघु सिंचाई योजनाओं के निर्माण कार्य हेतु राशि रुपये 4845.70 करोड़ के व्यय की संभावना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 48,45,70,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4705

मद क्रमांक 10

बुन्देलखण्ड पैकेज अंतर्गत कमाण्ड क्षेत्र विकास परियोजना हेतु राशि रुपये 3394.28 लाख के व्यय की संभावना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 33,94,28,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 64

मुख्य शीर्ष 2202

मद क्रमांक 1

सर्व शिक्षा अभियान योजना अन्तर्गत अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित प्रायमरी शालाओं एवं मिडिल शालाओ हेतु अनुसूचित जाति उपयोजना अन्तर्गत प्रावधानित राशि के अतिरिक्त रुपये 1547.30 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 15,47,30,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2210

मद क्रमांक 2

अनुसूचित जाति बाहुल्य 35 विकास खण्डो में मोबाईल हैल्थ अस्पतालो का संचालन अनुसूचित जाति उपयोजना अंतर्गत किया जाना है। इस हेतु

रुपये 20.00 लाख प्रति विकास खण्ड के मान से वित्तीय वर्ष में रुपये 7.00 करोड़ का व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 7,00,00,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2225

मद क्रमांक 3

भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्तियां योजनांतर्गत पूर्व वर्ष में विमुक्त की गई राशि हेतु रुपये 1504.12 लाख की अतिरिक्त आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 15,04,12,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 4

अनुसूचित जाति के कृषकों के सफल कुओं पर विद्युत/डीजल पंप हेतु रुपये 20,000 तक अनुदान सहायता दी जाना प्रस्तावित है। इस हेतु अनुसूचित जाति उप योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष में रुपये 5.00 करोड़ का व्यय संभावित है। व्यय की पूर्ति स्वीकृत बजट की बचतों से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 5

भारत सरकार की केन्द्र प्रवर्तित योजना नागरिक अधिकार संरक्षण प्रकोष्ठ अंतर्गत अत्याचार से घटित क्षेत्रों का भ्रमण राहत राशि की समीक्षा सम्पूर्ण प्रदेश में सतत रुप से किये जाने हेतु 4 वाहन क्रय किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु वित्तीय वर्ष में रुपये 16.00 लाख की आवश्यकता है। व्यय की पूर्ति बजट में उपलब्ध बचतो से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100/- के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2401

मद क्रमांक 6

कृषकों को सिंचाई उपकरणो के लिए विशेष सहायता टाप-अप अनुदान योजना अंतर्गत हस्तचलित, बैलचलित कृषि यंत्रो के क्रंय पर 50 प्रतिशत टाप अप अनुदान दिया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु अनुसूचित जाति उपयोजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष में रुपये 62.40 लाख का व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 62,40,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 7

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष में अनुसूचित जाति उपयोजना में प्रावधानित राशि के अतिरिक्त रुपये 274.86 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 2,74,86,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 8

किसान कल्याण एवं कृषि विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष में अनुसूचित जाति उपयोजना में प्रावधानित राशि के अतिरिक्त रुपये 4112.75 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 41,12,75,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2405

मद क्रमांक 9

मछली पालन विभाग के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना हेतु वित्तीय वर्ष में अनुसूचित जाति उपयोजना में प्रावधानित राशि में रुपये 72.50 लाख की अतिरक्ति आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 72,50,000/ के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2425

मद क्रमांक 10

प्रदेश के अनुसूचित जाति के कृषकों को सहकारी बैंकों के माध्यम से 3 प्रतिशत की ब्याज दर पर अल्पकालीन कृषि ऋण उपलब्ध कराया जाना है। इस हेतु म. प्र. राज्य सहकारी बैंक को उपलब्ध कराई जाने वाली अनुदान राशि हेतु वित्तीय वर्ष में अनुसूचित जाति उपयोजना अंतर्गत रुपये 1500.00 लाख की अतिरिक्त आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 15,00,00,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2851

मद क्रमांक 11

माटीकला से संबंधित कारीगरो को संरक्षण, संवर्धन एवं विकास हेतु श्रीयादे माटीकला योजना प्रस्तावित है। योजना अंतर्गत उद्यमियो एवं शिल्पियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु वित्त पोषण उपलब्ध कराया जावेगा। इस हेतु अनुसूचित जाति उपयोजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष में रुपये 82.00 लाख की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 82,00,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4210

मद क्रमांक 12

अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में 18 जिला चिकित्सालयों (रायसेन, विदिशा, ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, अशोकनगर, शिवपुरी, इंदौर, सतना, सागर, छतरपुर, दमोह, टीकमगढ़, उज्जैन, देवास, शाजापुर) में पी.आई.सी.यू, केज्यूलटी विंग, मेटरनिटी विंग, माइक्रोबायलाजी लैब तथा ब्लाक स्तर पर एन. आर. सी. का निर्माण कराया जाना है। इस हेतु वित्तीय वर्ष में रुपये 576.00 लाख का व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 5,76,00,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 13

अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दातारदाकला, प्रेमसर जिला श्योपुर, अहमदपुर, उदयपुर जिला विदिशा, अंवतीपुर, बडौदिया जिला शाजापुर, कायथा, रुपाखेड़ी, चिंतामन, जावासिया, पंथ पिपलई जिला उज्जैन, जेरठ, सदगुवा, इमलियाघाट जिला दमोह, रिठोरा, मांगरौल जिला मुरैना, सिरसोद जिला शिवपुरी, कछोरा, लुहरगुवां जिला टीकमगढ़, राजपुर जिला अशोकनगर, बमनोरा जिला छतरपुर, गोंदल जिला दतिया पर नाबार्ड योजना के आर.आई.डी.एफ. 15 वे चरण के अंतर्गत निर्माण कार्य कराया जाना है। इस हेतु वित्तीय वर्ष में रुपये 320.00 लाख का व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 3,20,00,000/- के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 5054

मद क्रमांक 14

प्रदेश के अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निम्न स्थान पर मार्ग का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है।

क्र.	जिला	कार्य का नाम	लंबाई (कि.मी.)	लागत (राशि लाख में)
1.	सागर	सागर भोपाल बायपास मार्ग को सीधे भोपाल एन.एच. 86 मार्ग पर मिलाया जाना	2.00	192.30

उपरोक्त कार्यो पर वित्तीय वर्ष में रुपये 5.00 लाख का व्यय संभावित है, व्यय की पूर्ति स्वीकृत बजट की बचतों से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 100/- के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 65
मुख्य शीर्ष 5053

मद क्रमांक 1

शासन द्वारा दो इंजन के हेलीकाप्टर क्रय के लिये राशि रुपये 60.00 करोड़ की आवश्यकता है। वित्तीय वर्ष 2010-11 में हेलीकाप्टर के क्रय के अग्रिम भुगतान हेतु राशि रुपये 36.00 करोड़ का व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 36,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 66
मुख्य शीर्ष 2225

मद क्रमांक 1

10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में जिला स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले पिछड़ा वर्ग के छात्र एवं छात्राओं के लिये पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी मेघावी पुरस्कार योजना प्रारंभ करने पर राशि रुपये 15.00 लाख के व्यय की संभावना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 15,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 2

परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र हेतु फर्नीचर क्रय के लिये राशि रुपये 1.00 लाख के व्यय की संभावना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 1,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 3 - 8

म.प्र. पिछड़ा वर्ग आयोग के अन्तर्गत अखिल भारतीय सेवा के लिये वेतन महंगाई, अन्य भत्ते, चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति, अवकाश यात्रा सुविधा, ग्रेड-पे के मदो को खोलने हेतु रुपये 6.65 लाख का व्यय अनुमानित है। उक्त व्यय की प्रतिपूर्ति विभागीय बजट की बचत से की जावेगी।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 600 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 9

व्यावसायिक परीक्षा मंडल म.प्र. द्वारा आयोजित तकनीकी प्रवेश परीक्षाओं में पिछड़े वर्ग के अभ्यार्थियों में से सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त अभ्याथियों को पुरस्कार प्रदान करने के लिये मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग व्यवसायिक प्रतिभा परीक्षा पुरस्कार योजना हेतु रुपये 17.40 लाख का व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 17,40,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 67
मुख्य शीर्ष 2059

मद क्रमांक 1

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय मुख्य पीठ जबलपुर के भवन में अनुरक्षण कार्यो हेतु रुपये 135.58 लाख अतिरिक्त व्यय होना संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 1,35,58,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2216

मद क्रमांक 2

पुलिस प्रशासन के अन्तर्गत आवासीय भवनों के अनुरक्षण कार्यो हेतु रुपये 134.00 लाख का व्यय होना संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 1,34,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 3

भोपाल के शासकीय आवास गृहों में विशेष मरम्मत की आवश्यकता है। वित्तीय वर्ष 2010-11 में रुपये 10.00 करोड़ का व्यय अनुमानित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 10,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 69
मुख्य शीर्ष 3425

मद क्रमांक 1

सूचना प्रौद्योगिकी के अन्तर्गत विन्ध्याचल भवन, सतपुड़ा भवन में लोकल एरिया नेटवर्क की स्थापना हेतु अतिरिक्त राशि रुपये 11.60 करोड़ की आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 11,60,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 72
मुख्य शीर्ष 2202

मद क्रमांक 1

आर्थिक पुनर्वास के अन्तर्गत गैस पीड़ितों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु रुपये 100.00 करोड़ तथा गैस पीड़ितों द्वारा तैयार किये गये उत्पाद को बाजार में प्रदर्शित किये जाने हेतु रुपये 2.00 करोड़, गैस पीड़ितों को कुशल प्रशिक्षण हेतु औद्योगिक क्षेत्र में प्रतिस्थापित करने के लिये रुपये 2.00 करोड़, इस प्रकार कुल रुपये 104.00 करोड़ का व्यय अनुमानित है। इसमें केन्द्रांश रुपये 78.00 करोड़ तथा राज्यांश रुपये 26.00 करोड़ है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 1,04,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2210

मद क्रमांक 2 - 4

चिकित्सा पुनर्वास योजना अंतर्गत फर्नीचर एवं कार्यालय उपकरण, मशीन उपकरण, अन्य आकस्मिक व्यय के लिये राशि रुपये 31.65 करोड़ का व्यय अनुमानित है। इसमें केन्द्रांश की राशि रुपये 23.74 करोड़ तथा राज्यांश की राशि रुपये 7.91 करोड़ का व्यय अनुमानित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 31,65,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 2235

मद क्रमांक 5

सामाजिक पुनर्वास योजना अंतर्गत विधवा पेंशन हेतु राशि रुपये 30.00 करोड़ तथा योगा के लिये सामुदायिक विकास केन्द्र की स्थापना के अन्तर्गत रुपये 3.68 करोड़ कुल रुपये 33.68 करोड़ का व्यय अनुमानित है। इसमें केन्द्रांश की राशि रुपये 25.26 करोड़ तथा राज्यांश रुपये 8.42 करोड़ है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 33,68,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4210

मद क्रमांक 6

चिकित्सा पुनर्वास योजना अन्तर्गत कमला नेहरू अस्पताल में उप वृहद निर्माण कार्य हेतु रुपये 1.90 करोड़ का व्यय अनुमानित है। इसमें केन्द्रांश की राशि रुपये 1.42 करोड़ तथा राज्यांश की राशि रुपये 48.00 लाख शामिल है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 1,90,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मुख्य शीर्ष 4235

मद क्रमांक 7-8

सामाजिक पुनर्वास के अंतर्गत गैस प्रभावित क्षेत्रों में निर्माण कार्य हेतु राशि रुपये 51.52 करोड़ तथा जल प्रदाय हेतु रुपये 50.00 करोड़ का व्यय संभावित है। इसमें केन्द्रांश की राशि रुपये 76.14 करोड़ तथा राज्यांश की राशि रुपये 25.38 करोड़ शामिल है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 1,01,52,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 74
मुख्य शीर्ष 2515

मद क्रमांक 1

13वें वित्त आयोग की अनुशंसा अनुसार पंचायत विभाग हेतु विशेष क्षेत्र अनुदान हेतु आयोजनेतर मद में राशि रुपये 22.568 करोड़ व्यय होने की संभावना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 22,56,80,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 2

13वें वित्त आयोग की अनुशंसा अनुसार पंचायत विभाग हेतु सामान्य क्षेत्र आधारभूत अनुदान हेतु आयोजनेतर मद में राशि रुपये 383.10 करोड़ व्यय होने की संभावना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 3,83,10,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 75
मुख्य शीर्ष 2217

मद क्रमांक 1-2,5

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अन्तर्गत 13वें वित्त आयोग की अनुशंसा अनुसार नगरीय निकायों को बेसिक ग्रान्ट उपलब्ध कराने के लिये राशि रुपये 139.10 करोड़ का व्यय होना संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 1,39,10,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 3,6

आवास एवं पर्यावरण विभाग के अधीन यू.आई.डी.एस.एस.एम.टी. योजना नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को हस्तांतरित किये जाने से इस योजना के लिये मांग संख्या-21 मुख्य शीर्ष 2217 में वर्ष 2010-11 के लिये प्रावधानित राशि रुपये 1,38,17,49,000 समर्पित किया जाकर नवीन नोडल एजेंसी नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को नवीन योजना सीमा रुपये 44,54,30,000 के अनुरूप प्रावधान नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अन्तर्गत किया जाना है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 44,54,30,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 4

13वें वित्त आयोग की अनुशंसा अनुसार नगरीय निकायों को स्पेशल एरिया बेसिक ग्रान्ट उपलब्ध कराने हेतु राशि रुपये 394.20 लाख का व्यय होना संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 3,94,20,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 7

सर्वेक्षित महिलाओं के कौशल उन्नयन, प्रशिक्षण हेतु शहरी घरेलू कामकाजी महिला कल्याण योजना के अन्तर्गत रुपये 20.00 लाख का व्यय होना संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 20,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मद क्रमांक 8

भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई राजीव आवास योजना के अन्तर्गत प्रदेश के 5 शहरों के सर्वे हेतु रुपये 576.50 लाख का व्यय होना संभावित है। जिसकी 50 प्रतिशत राशि रुपये 288.25 लाख राज्यांश की है तथा शेष भारत सरकार से प्राप्त हो चुकी है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 5,76,50,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 77
मुख्य शीर्ष 2202

मद क्रमांक 1

वित्तीय वर्ष 2010-11 में हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूलों में पदस्थ अमले के वेतन भत्तों अन्तर्गत गृहभाड़ा मद में राशि रुपये 6,25,00,000 की अतिरिक्त

आवश्यकता है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 6,25,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।

मांग संख्या 79
मुख्य शीर्ष 2810

मद क्रमांक 1

फोटोसवोल्टेइक कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में स्थापित किये जाने वाले सौर ए.सी. हाईब्रिड संयंत्र अपरम्परागत ऊर्जा विभाग के अधीन ऊर्जा विकास निगम द्वारा स्थापित करने हेतु राज्यांश की राशि रुपये 415.00 लाख का व्यय संभावित है।

अत: उक्त प्रयोजन हेतु रुपये 4,15,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है।